जयपुर में आयोजित होगा ‘द इंडियन रिस्पॉन्सिबिल टूरिज़्म स्टेट अवार्ड्स 2022-राजस्थान’

चर्चा में क्यों?

11 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान के पर्यटन विभाग की निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया कि ‘द इंडियन रिस्पॉन्सिबिल टूरिज़्म स्टेट अवार्ड्स 2022-राजस्थान’ जयपुर में नवंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि राज्य में रिस्पॉन्सिबिल टूरिज़्म को प्रोत्साहन देने वाले उद्यमियों को सम्मानित करने के लिये राजस्थान पर्यटन विभाग ने आउटलुक ग्रुप के सहयोग से ‘द इंडियन रिस्पॉन्सिबिल टूरिज़्म स्टेट अवार्ड्स 2022-राजस्थान’की शुरुआत की है। इसमें पर्यटन क्षेत्र से जुड़े स्थानीय उद्यमी भाग लेंगे।
- उन्होंने बताया कि ‘द इंडियन रिस्पॉन्सिबिल टूरिज़्म स्टेट अवार्ड्स 2022-राजस्थान’आठ श्रेणियों में दिये जाएंगे।
- ये अवार्ड्स सस्टेनेबल लीडरशिप- होटल्स, सस्टेनेबल लीडरशिप- होमस्टे, सस्टेनेबल लीडरशिप- बीएनबी और गेस्टहाउस, सस्टेनेबल इंटरप्राइजेज इन ईको फ्रैंजाइल लेंडस्कैप, सस्टेनेबिलिटी चैंपियन इन पाथफाइंडर, सस्टेनेबिलिटी चैंपियन इन ग्रासरूट हीरोज, हेरिटेज कंजर्वेशन और वाइल्ड लाईफ कंजर्वेशन की श्रेणियों में पुरस्कार दिये जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-indian-responsible-tourism-state-awards-2022-rajasthan-to-be-held-in-jaipur